उत्तराखण्ड सरकार
निर्वाचन विभाग

संख्या– 683 / XXV – 119 / 2013
दिनांकः देहरादून 27 नवम्बर, 2013

निविदा सूचना–शुद्धिपत्र

विभिन्न स्रोतों से प्राप्त Feedback (प्रतिपुष्टि) के आधार पर, निविदा में अधिक से अधिक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित किये जाने हेतु इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या–641 XXV – 119 / 2013 दिनांक 12 नवम्बर, 2013 की शर्तों में **(क्रम संख्या– 4 एवं 9 तथा Annexure-1)** में निम्न प्रकार आंशिक संशोधन किया जाता हैः–

1–पूर्व प्रस्तर संख्या–4 के स्थान पर स्थापितः– मतदाता फोटो पहचान पत्रों की तैयारी एवं आपूर्ति सम्बन्धी विगत 10 वर्षों के अन्तर्गत किन्ही भी तीन वर्षों में, *प्रत्येक वर्ष में **कम से कम 5.00 लाख (पाँच लाख)*** **का** टर्न ओवर होना चाहिए। **इसी प्रकार फर्म का वित्तीय वर्ष–2010–11, 2011–12 एवं 2012–13 में, प्रत्येक वर्ष में कम से कम कुल ₹50.00 लाख (पच्चास लाख) का** टर्न ओवर होना चाहिए। ***टर्नओवर से संबंधित सी0ए0 के द्वारा सम्प्रीक्षित बैलेंस शीट की प्रमाणित छाया प्रति भी*** **उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।**

2– पूर्व प्रस्तर संख्या–9 के स्थान पर स्थापितः– निर्वाचन कार्यों की तात्कालिकता, महत्ता और समयबद्धता को ध्यान में रखते हुए सफल निविदा–दाता को कार्यादेश प्राप्ति के एक सप्ताह भीतर **उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत कार्यालय एवं कार्यशाला स्थापित करना अनिवार्य होगा।** इसी कार्यालय एवं कार्यशाला से फर्म के द्वारा उपरोक्त कार्य का समुचित पर्यवेक्षण / अनुश्रवण करना होगा।

निविदा के सम्बन्ध में शेष नियम और शर्तें यथावत रहेंगी। कृपया इस कार्यालय की उपरोक्त निविदा सूचना दिनांक 12 नवम्बर, 2013 को इस सीमा तक संशोधित समझा जाय। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी विभागीय **वेबसाईट** http:/ceo.uk.gov.in से भी प्राप्त की जा सकती है।

(सौजन्या)
अपर सचिव एवं
संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी।

प्रतिलिपिः– 683

1– राष्ट्रीय सूचना विज्ञान अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC) सचिवालय परिसर देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निविदा–सूचना के शुद्धि पत्र को तत्काल विभागीय वेबसाईट **http:/ceo.uk.gov.in** में अपलोड करवाने का कष्ट करें।

(सौजन्या)
अपर सचिव एवं
संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी।

Annexure-1

Pre-printed Non Personalized PVC Cards की आपूर्ति और Printing of elector details on PVC cards आदि कार्य हेतु तकनीकी निविदा की अर्हता का सारांश प्रपत्र

1— फर्म का नामः—
2— फर्म का पता (टेलीफोन नम्बर/ई मेल पता सहित):—
3— फर्म का स्वरूप (एकल स्वयं/साझेदारी, यदि साझेदारी हो तो साझेदारी के पत्रजात):—
4— व्यापार कर पंजीकरण संख्याः—
5— आयकर पंजीकरण पैन नम्बरः—
5क— सेवाकर पंजीकरण संख्याः—
6— मतदाता फोटो पहचान पत्रों की तैयारी एवं आपूर्ति से संबंधित विगत दस वर्षों के अन्तर्गत किन्हीं भी तीन वर्षों में कार्य करने का अनुभव और उक्त कार्य के टर्न ओवर का विवरणः—

क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	राज्य/जनपद का नाम जहां सफलतापूर्वक कार्य सम्पन्न किया है।	कुल टर्न ओवर (धनराशि)

7— विगत तीन वर्षों में फर्म का कुल टर्नओवर

क्र. सं.	विवरण	वित्तीय वर्ष—2010—11	वित्तीय वर्ष—2011—12	वित्तीय वर्ष—2012—13
1.	फर्म का कुल टर्न ओवर			

8— ब्लेक लिस्टेड/फर्म के विरूद्ध कोई शासकीय कार्यवाही होने की घोषणाः—
9— किसी भी शासकीय देयता की बकाया न होने तथा वर्ष—2011—12 तक जमा आयकर रिटर्न का विवरणः—
10— धरोहर की जमा राशि का विवरणः—
11— अन्यः—
संलग्नकों की संख्याः—

निविदा—दाता की घोषणा

प्रमाणित किया जाता है कि, Pre-printed Non Personalized PVC Cards की आपूर्ति तथा Printing of elector details on PVC cards. फोटो स्केन, निर्धारित साफ्टवेयर के माध्यम से डाटाबेस में फोटो Attach कर Merge आदि से संबंधित निर्वाचन विभाग द्वारा निविदा के लिए निर्धारित प्रस्तर—1 से 37 तक में उल्लिखित नियम/शर्तों को भली—भॉति से पढ़ व समझ लिया गया है और तत्पश्चात ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग किया जा रहा है। निविदा के लिए विभाग द्वारा नियत उपरोक्त नियम एवं शर्तें स्वीकार करते हुए यह भी प्रमाणित किया जाता है कि निविदा की नियम/शर्तों का किसी भी प्रकार से अनुपालन न करने या उल्लंघन करने के लिए फर्म/कम्पनी आदि उत्तरदायी होगी।

हस्ताक्षर.........................
पूरा नाम..
पूरा पता..
पैन/टैन नं0..
फोन/फैक्स नं0..................................मोबा0नं0........

फर्म की मुहर यहां
पर लगाई जाय।